पहली वर्ल्ड वार में लड़े परदादा, परपोता बेल्जियम में पहला सिख सिटी काउंसलर

-होशियारपुर जिले के गांव दारापुर से जुड़े सुखप्रीत सिंह ने 23 साल की उम्र में हासिल की बड़ी उपलब्धि

-शिक्षा, रोजगार और युवाओं के मुद्दों के साथ सिख सिद्धांतों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं के प्रचार में जुटे

जगदीश लाल। नवांशहर/गढ़शंकर
समर न्यूज

होशियारपुर जिले के गढ़शंकर तहसील के गांव दारापुर से जुड़े सुखप्रीत सिंह ने महज 23 साल की उम्र में बेल्जियम के वेस्ट फ्लैंडर्स प्रांत के इंगेलमुंस्टर शहर की म्यूनिसिपल काउंसिल में काउंसलर बनकर पहला सिख काउंसलर होने का गौरव हासिल किया है।

मेडिकल स्ट्रीम के विद्यार्थी रहे सुखप्रीत शिक्षा, रोजगार, संस्कार, संयुक्त परिवार व्यवस्था, विद्यार्थियों के मुद्दों और अगली पीढ़ी के भविष्य को लेकर काम कर रहे हैं। वह बेल्जियम की सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टी से भी जुड़े हैं।

सुखप्रीत सिंह बेल्जियम सिख यूथ एसोसिएशन के संस्थापक और चेयरमैन हैं। वह यूरेका स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। यूरोपियन स्टूडेंट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके सुखप्रीत को बेल्जियम के शिक्षा आयोग की ओर से 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की जानकारी दी गई है। वह यूरोप के 10 देशों की 32 यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित कर चुके हैं।

वर्ल्ड वार से जुड़ा परिवार का इतिहासः सुखप्रीत सिंह के अनुसार, उनके परदादा बसंत सिंह पहली वर्ल्ड वार के दौरान अंग्रेजों की सेना में भर्ती हुए थे और

बेल्जियम-फ्रांस सीमा पर युद्ध लड़ा था। युद्ध से जीवित लौटने के बाद उन्हें अंग्रेजी सरकार की ओर से पंजाब और राजस्थान में तीन मुरब्बे जमीन दिए जाने की बात परिवार में बताई जाती है। देश के विभाजन के बाद परिवार ने पंजाब में ब्रह्मपुर और बाद में दारापुर को अपना ठिकाना बनाया। उनके दादा जगदीश सिंह ग्रंथी रहे और दारापुर में लंबे समय तक सरपंच और गांव की सहकारी सोसाइटी बैंक के करीब 37 साल तक चेयरमैन रहे।

पंजाब के विकास पर भी जोरः सुखप्रीत ने कहा कि वह हर साल पंजाब आने का प्रयास करते हैं। पंजाब के गांवों और शहरों में अभी विकास की काफी गुंजाइश है। यूरोप की तर्ज पर बेहतर शहरी नियोजन के साथ कचरा प्रबंधन, सीवरेज, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान कई शहरों में सड़कों पर पानी जमा होने की समस्या सामने आती है। पंजाब को ऐसे ईमानदार राजनीतिज्ञों की जरूरत है, जो विकास, रोजगार, कारोबार और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए काम करें।

युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेशः सुखप्रीत ने बताया कि काउंसलर के रूप में उन्होंने खेल और स्वास्थ्य सुविधाओं, विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी तथा बुजुर्गों से जुड़ी सुविधाओं पर काम किया। वह गुरुद्वारा साहिब के माध्यम से गुरबाणी के प्रचार और सिख युवाओं को पंजाबी विरासत एवं सिख सिद्धांतों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

साथ ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं और गुरुओं के संदेश को स्थानीय लोगों तक उनकी भाषा में पहुंचाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने पंजाब के युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ राजनीति और सामाजिक कार्यों में आने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिख पहचान, नानक बाणी, संस्कार और सेवा सिख जीवन की पहचान हैं। युवाओं को इन्हें अपने जीवन का हिस्सा बनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मो. शहाबुद्दीन ने दिया इस्तीफा

शेख हसीना से बातचीत की जानकारी लीक

बोले- ऑटोनोमिक न्यूरोपैथी से पीड़ित हूं, कई बार कुछ समय के लिए बेहोश हो जाता हूं; शेख हसीना से बातचीत की जानकारी लीक होने के बाद बढ़ा था राजनीतिक दबाव

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। 76 वर्षीय शहाबुद्दीन ने इस्तीफे के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को कारण बताया। उन्होंने कहा कि हालिया चिकित्सकीय जांच में उन्हें ऑटोनोमिक न्यूरोपैथी से पीड़ित पाया गया है। इस बीमारी के कारण उन्हें कभी-कभी कुछ समय के लिए चेतना खोने की स्थिति का सामना करना पड़ता है। शहाबुद्दीन अप्रैल 2023 से राष्ट्रपति पद पर थे। उनका कार्यकाल ऐसे दौर में समाप्त हुआ, जब बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। शहाबुद्दीन को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का करीबी सहयोगी माना जाता रहा है।

उनके इस्तीफे से कुछ दिन पहले हसीना के साथ कथित बातचीत की जानकारी लीक होने को लेकर भी राजनीतिक विवाद सामने आया था।

इसके बाद राष्ट्रपति पर राजनीतिक दबाव बढ़ा। हालांकि, राष्ट्रपति कार्यालय ने इस्तीफे का आधिकारिक कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्या ही बताया है। हसीना 2024 में छात्र आंदोलन के बाद देश छोड़कर भारत चली गई थीं और उनकी अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिफ्टी लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 साल 118 दिन की उम्र में जड़ा अर्धशतक, मां आरती सूर्यवंशी को समर्पित की पारी

एजेंसी। हरारे

भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में इतिहास रच दिया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। सूर्यवंशी ने 15 साल 118 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करते हुए सचिन तेंदुलकर सहित कई खिलाड़ियों के रिकॉर्ड तोड़ दिए।

हरारे में खेले गए तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया। भारतीय जीत में सूर्यवंशी की बल्लेबाजी अहम रही। अर्धशतक पूरा करने के बाद उन्होंने अपनी मां आरती सूर्यवंशी के नाम के पहले अक्षर 'A' का इशारा बनाकर अपनी पारी उन्हें समर्पित की।

सूर्यवंशी पूर्ण सदस्य देशों की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। सचिन ने वर्ष 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ 16 साल 213 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था।

युवा भारतीय बल्लेबाज ने ओवरऑल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नेपाल के कुशल मल्ला का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। कुशल मल्ला ने वर्ष 2020 में अमेरिका के खिलाफ वनडे मुकाबले में 15 साल 340 दिन की उम्र में अर्धशतक बनाया था। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी सूर्यवंशी अब सबसे कम उम्र में

फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड जिब्राल्टर के लुई ब्रूस के नाम था, जिन्होंने माल्टा के खिलाफ 16 साल 56 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था।

मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। सूर्यवंशी की ऐतिहासिक पारी मैच का सबसे बड़ा आकर्षण रही। इस मुकाबले में एक और रिकॉर्ड बना।

विदेश में भारत के सबसे अधिक खिलाड़ियों ने जिम्बाब्वे की धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया है। अशोक शर्मा जिम्बाब्वे में टी-20 डेब्यू करने वाले 23वें भारतीय खिलाड़ी बने। भारत में अब तक सर्वाधिक 31 भारतीय खिलाड़ियों ने अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया है।

अदाणी समूह ने नई एयरलाइन शुरू करने की खबरों को किया खारिज

कंपनी ने कहा-विमानन कारोबार में उतरने की कोई योजना विचाराधीन नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

अदाणी एंटरप्राइजेज ने समूह द्वारा एयरलाइन शुरू किए जाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों और बाजार में चल रही अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि अडानी समूह भारत में एयरलाइन कारोबार शुरू करने या विमानन क्षेत्र में इस तरह के विस्तार की किसी योजना पर विचार नहीं कर रहा है।

अदाणी एंटरप्राइजेज ने 24 जुलाई को जारी नियामकीय फाइलिंग में कहा कि हाल में सामने आई वे रिपोर्टें पूरी तरह बेबुनियाद और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं, जिनमें दावा किया गया था कि कंपनी अपनी एयरलाइन शुरू करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी ने कहा कि एयरलाइन व्यवसाय में प्रवेश करने का कोई प्रस्ताव उसके विचाराधीन नहीं है। इस स्पष्टीकरण के बाद समूह के

विमानन कारोबार में उतरने की चर्चाओं पर विराम लग गया है।

यह बयान ऐसे समय आया है, जब इंडिगो के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने हवाईअड्डा संचालकों को एयरलाइन कंपनियों का मालिक बनने की अनुमति दिए जाने की स्थिति में संभावित हितों के टकराव को लेकर चिंता जताई थी। हालांकि राहुल भाटिया ने अपने बयान में किसी कंपनी का नाम नहीं लिया था, लेकिन इसे देश में कई हवाईअड्डों का संचालन कर रहे अदाणी समूह से जोड़कर देखा गया। अदाणी समूह वर्तमान में देश के आठ हवाईअड्डों का संचालन करता है। कंपनी के ताजा स्पष्टीकरण के अनुसार, उसका ध्यान हवाईअड्डा संचालन और उससे जुड़े मौजूदा कारोबार पर है तथा फिलहाल स्वयं की एयरलाइन शुरू करने की कोई योजना नहीं है।

स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़ मैनेजर समेत 6 विदेशी युवतियां गिरफ्तार

धर्मेंद्र सिंह | खन्ना
समर न्यूज

खन्ना के सिटी सेंटर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे कथित देह व्यापार के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। थाना सिटी-2 पुलिस ने छापेमारी के दौरान छह विदेशी युवतियों और एक मैनेजर को गिरफ्तार किया, जबकि दो स्पा सेंटर संचालक मौके से फरार हो गए। स्पा सेंटर चलाने वाले कप्तान सिंह निवासी अंबाला (हरियाणा) और मनोज के अलावा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सिटी सेंटर स्थित स्पा सेंटरों में अवैध गतिविधियां चलने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके

बाद योजनाबद्ध तरीके से स्पा सेंटरों पर छापेमारी की गई। जांच के दौरान छह विदेशी युवतियों और एक मैनेजर को हिरासत में लिया गया। पुलिस का कहना है कि स्पा सेंटरों की आड़ में देह व्यापार कराया जा रहा था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एक संचालक कप्तान सिंह, निवासी अंबाला, और दूसरा संचालक मनोज पुलिस कार्रवाई से पहले ही फरार हो गए। थाना सिटी-2 के प्रभारी इंस्पेक्टर तरविंदर कुमार बेदी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

पेपर लीक, स्टूडेंट्स पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

केंद्र और पंजाब के शिक्षा मंत्रियों के इस्तीफे की मांग, लुधियाना में भाजपा और आप सरकार के खिलाफ नारेबाजी

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों और दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा की गई कथित कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), लुधियाना की ओर से शुक्रवार को टिब्बा रोड स्थित कार्यालय के बाहर जोरदार रोष प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष संजय तलवाड़ ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार तथा पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका।

पेपर लीक और विद्यार्थियों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन करते जिला कांग्रेस प्रधान संजय तलवाड़ व अन्य।

▪ युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोपः प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र और पंजाब में लगातार हो रहे पेपर लीक के मामलों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारें परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने में पूरी तरह विफल रही हैं, जिससे युवाओं का भरोसा टूट रहा है।

▪ शिक्षा मंत्रियों के इस्तीफे की उठाई मांगः कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने में असफल रहने के कारण केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उनका कहना था कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सरकारों की लापरवाही और प्रशासनिक विफलता को उजागर करती हैं।

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की निंदाः कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा की गई कथित कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के बजाय सरकार विद्यार्थियों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं की जायज मांगों का समाधान करने के बजाय लोकतांत्रिक विरोध को कुचलने की नीति अपना रही है।

▪ युवाओं के साथ खड़ी है कांग्रेसः कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों मेहनती और योग्य विद्यार्थियों के अधिकारों का हनन किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी और उन्हें निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी।

पर्यावरण संरक्षण आज समय की आवश्यकता : दर्शन लाल बवेजा

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

पर्यावरण संरक्षण और हरित लुधियाना के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. विश्व मोहन अपनी दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की डॉक्टरों की टीम के साथ फोमेराह ग्रीन्स पहुंचे।

उन्होंने पौधारोपण कर शहर को अधिक हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। डॉ. विश्व मोहन एवं उनकी टीम का स्वागत लड्डू ग्रुप के चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा तथा फोमेराह ग्रीन्स के डायरेक्टर वरूण बवेजा, वंशिका बवेजा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जहां सभी गणमान्य अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ. विश्व मोहन ने कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने जीवन में एक-एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण दिया जा सकता है।

गुडिंचा मंदिर से बाहुड़ा रथयात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

श्री जगन्नाथ मंदिर समिति श्री जगन्नाथ पुरम चंद्र नगर से आज गुड़िचा मंदिर से बाहुड़ा रथयात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा के साथ ही ठाकुर जी की घर वापिसी हुई। बाहुड़ा रथयात्रा से पहले श्री जगन्नाथ जी के प्रथम सेवा के राज अधिकारी सूरज जी ने सोने के झाड़ू के साथ रथ की सफाई करके भगवान जगन्नाथ जी की महाआरती की।

पुजारी भीमसेन पाढी, पुजारी विष्णु चरण,पुजारी पूर्ण पांधी ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जी की स्तुति करवाकर रथयात्रा का शुभारंभ किया। रथयात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

रथयात्रा गुंडिचा मंदिर से शुरु होकर चंद्र नगर सिविल सिटी से होती हुई श्री जगन्नाथ पुरम स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभ्रद,

बहन सुभद्रा के संग गुंडिचा मंदिर में आठ दिन रहने के पश्चात वापिस जगन्नाथ मंदिर पधारे। रथयात्रा में संकीर्तन मंडलियों द्वारा ठाकुर जी के सुंदर भजन गाए गए। रथयात्रा का स्वागत लोगों द्वारा पुष्प वर्षा एंव खाने-पीने के स्टाल लगाकर किया गया।बाहुडा रथयात्रा की समाप्ति पर मंदिर परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। रथयात्रा से पूर्व स्वामी विवेक आश्रम के स्वामी विवेक देव स्वामी निष्काम देव ने हरिनाम संकीर्तन कर भक्तो को भाव विभोर किया ।इस अवसर पर विक्रम भुइयां,सतबीर लेकां, सचिनदास बेहरा,सुनील राऊतराय,अभय बेहरा, अरूण परीजा,नकुल नायक,पुर्णचंद सवई,अभिषेक, अजय जैना व अन्य उपस्थित हुए।